जनपद नैनीताल में ग्राम अमोठा से डोला हाईस्कूल तक लिंक मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु
<u>बिन्दु संख्या– 7 के संबंध में आख्या :–</u>

जनपद नैनीताल के अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 93/2015 के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र नैनीताल में अमोठा से डोला हाईस्कूल तक लिंक मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु 1.665 है0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन किये जाने के बावत् वन क्षेत्राधिकारी कोटा द्वारा क्षेत्र फील्ड स्टाफ के साथ दिनांक 07.07.2021 को स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग में शून्य हैक्टेयर वन भूमि; 1.665 हैक्टेयर वन पंचायत भूमि; तथा 1.3950 हैक्टेयर नाप भूमि प्रभावित हो रही है एवं प्रस्तावित मोटर मार्ग में किसी भी प्रकार के वृक्षों का पातन नहीं किया जाना है। निरीक्षण में पाया गया कि उक्त मार्ग इस वन प्रभाग के कोटा राजि तथा देचौरी राजि अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित मार्ग किसी भी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण का हिस्सा नहीं है। भारत सरकार के पत्र द्वारा उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग की हवाई दूरी नैनादेवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिर्जव से 2.40 कि0मी0 अंकित की गयी है परन्तु उक्त मार्ग की वास्तविक भगौलिक दूरी नैनादेवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिर्जव से 2.40 कि0मी0 से अधिक है तथा साथ ही इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में किसी भी प्रकार के वृक्षों का पातन नही किया जाना है, अतः वनों पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की संभावना नही है। इस लिंक मार्ग के निर्माण से ग्राम भलौन, सिमली, पातली, अमतोली व अमोठा आदि के ग्रामवासियों को कोटाबाग ब्लॉक मुख्यालय व नैनीताल जाने हेतु यातायात की सुविधा होगी।

वन क्षेत्राधिकारी
कोटा, राजि
रामनगर वन प्रभाग, रामनगर

वन क्षेत्राधिकारी
कोटा रेंज (लटी)
रामनगर वन प्रभाग रामनगर (नैनीताल)

उप प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग
रामनगर